समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Wednesday, 26 August 2026

# बरुईपुर प्रदर्शन के दौरान ममता बनर्जी ने कार्यकर्ता को मारा थप्पड़, बीजेपी ने साधा निशाना

Sanket Morankar

Published on 08 Jul 2026



पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री **ममता बनर्जी** ने बरुईपुर घटना के विरोध में आयोजित प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर अपनी ही पार्टी के एक कार्यकर्ता को थप्पड़ मार दिया। इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद राज्य की राजनीति में हलचल तेज हो गई है और विपक्षी **बीजेपी** ने इसे लेकर तृणमूल कांग्रेस (TMC) पर निशाना साधा है।

जानकारी के अनुसार, कालीघाट स्थित ममता बनर्जी के आवास के बाहर प्रदर्शन के दौरान अचानक अफरा-तफरी का माहौल बन गया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ममता बनर्जी स्वयं नीचे पहुंचीं। इसी दौरान उन्होंने कथित तौर पर एक व्यक्ति को थप्पड़ मार दिया। बताया जा रहा है कि वह व्यक्ति टीएमसी का ही कार्यकर्ता था। हालांकि, थप्पड़ मारने की वजह को लेकर अभी तक कोई आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

घटना के बाद बीजेपी ने ममता बनर्जी पर तीखा हमला बोला। केंद्रीय मंत्री **सुकांत मजूमदार** ने कहा कि इस तरह की घटनाएं उनकी “मानसिक स्थिरता” पर सवाल खड़े करती हैं और राज्य में राजनीतिक माहौल लगातार बिगड़ता जा रहा है।

प्रदर्शन को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने आरोप लगाया कि उनकी पार्टी के आईटी सेल अध्यक्ष पर हमला किया गया और पुलिस ने उन्हें पर्याप्त सुरक्षा नहीं दी। उन्होंने कहा कि हाई कोर्ट से हैंड माइक के इस्तेमाल की अनुमति मिलने के बावजूद पुलिस ने उनके कार्यकर्ताओं से माइक छीन लिए और कई कार्यकर्ताओं के साथ मारपीट की गई।

ममता बनर्जी ने राज्य में कानून-व्यवस्था को लेकर भी चिंता जताई। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछले दो महीनों में महिलाओं के खिलाफ कई गंभीर अपराध हुए हैं और प्रशासन स्थिति संभालने में विफल रहा है। उन्होंने सभी पक्षों से शांतिपूर्ण तरीके से विवादों का समाधान निकालने की अपील की।

फिलहाल, थप्पड़ वाली घटना को लेकर टीएमसी की ओर से कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण जारी नहीं किया गया है, जबकि इस

मामले को लेकर राजनीतिक बयानबाजी तेज हो गई है।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.